प्रादेशिक समाचार

10.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर पार्षद रोशनी खलखो बनाम राज्य सरकार मामले की आज सुनवाई हुई। न्यायालय ने 4 जनवरी 2024 के आदेश के बावजूद तीन हफ्ते में चुनाव न कराने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार कानून के साथ खिलवाड़ कर रही है और यह कोर्ट की अवमानना है। सुनवाई में मुख्य सचिव अलका तिवारी और नगर विकास सचिव मौजूद रहे, जबकि सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने पक्ष रखा। अदालत ने अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को तय करते हुए तत्कालीन नगर विकास सचिव विनय चौबे सहित संबंधित अधिकारियों को सशरीर उपस्थित होकर चार्ज फ्रेम का सामना करने का आदेश दिया है।

**********************

झारखंड उच्च न्यायालय में दायर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन संख्या पर पारित आदेश के अनुपालन में देवघर जिले में खनिजों के परिवहन में तिरपाल का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि सभी कोयला, पत्थर और बालू पट्टाधारी एवं डीलर खनिज लदे वाहनों को ढककर ही परिवहन सुनिश्चित करेंगे।

**********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने आज रांची के नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पर पहुंचकर पूर्व विधायक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गा सोरेन झारखंड आंदोलन के मजबूत स्तंभ थे और उनका योगदान अविस्मरणीय है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने आज रांची के कांटाटोली चौक स्थित परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दोनों नेताओं ने उनके साहस और बलिदान को नमन किया।

**********************

गिरिडीह में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति हाल की भारी बारिश और एनजीटी द्वारा बालू खनन पर रोक के कारण धीमी पड़ गई है। चालू वित्तीय वर्ष में 4 हजार नए आवास बनाने का लक्ष्य है, जिनमें से 28 सौ का सर्वे पूरा कर लिया गया है और शेष पर काम जारी है। उप नगर आयुक्त प्रशांत लायक ने बताया कि जिले में अब तक 10 हजार 700 से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिला है, जिनमें 6 हजार से अधिक लाभुक गृह प्रवेश कर चुके हैं।

**********************

गुमला जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न पदों पर चयनित कुल 35 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

**********************

पूरा झारखंड चार दिनों तक तूफान की चपेट में रहेगा। इसको लेकर भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 13 सितंबर तक पूरे राज्य में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है।

**********************

एशिया कप क्रिकेट में, टीम इंडिया आज दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए के मुकाबले में मेज़बान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में, अफ़ग़ानिस्तान ने कल रात अबू धाबी में हांगकांग पर 94 रनों की विशाल जीत दर्ज की।

********समाप्त********